प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय के चार कृषि विज्ञान केन्द्र सम्मानित

पंतनगर। 08 जुलाई 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के अधीन उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों में कार्यरत 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों मे से 4 कृषि विज्ञान केन्द्रों को जोन 01 के कृषि विज्ञान केन्द्रों में उत्कृष्ठ कार्य के आधार पर विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लुधियाना स्थित आईसीएआर के एग्रीकल्चुरल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (अटारी) के अन्तर्गत आने वाले राज्यों, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब तथा केन्द्र शासित राज्य लद्दाख के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों की आनलाईन क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन 6–7 जुलाई 2020 को हुआ। कार्यशाला में पंतनगर विश्वविद्यालय के धनौरी, हरिद्वार, स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र को जोन 01 के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा वर्ष 2019–20 की प्रगति आख्या तथा वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की गई। पंतनगर विश्वविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्र, पिथौरागढ़, को वर्ष 2019–20 के कार्यों की समीक्षा के आधार पर राज्य में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर के प्रभारी अधिकारी, डा. जे क्वात्रा, को सर्वश्रेष्ठ रिर्पोट प्रस्तुतीकरण के लिए प्रथम पुरूस्कार तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जाखधार, रूद्रप्रयाग के प्रभारी अधिकारी, डा. संजय सचान, को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, एवं निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा, तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशकगणों द्वारा संबंधित केन्द्रों के प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं प्रस्तुतीकरण हेतु पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयीं।